प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.07.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयों को छू रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, करगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है और हर भारतीय को गर्व से भर देता है। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देशवासियों से अपील की कि वे एक सुरक्षित, सक्षम और आत्म–निर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

00000.

श्री मोदी ने वन राइड, वन नेशन, वन सैल्यूट के संदेश के साथ इस वर्ष हुई शौर्य विजय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह यात्रा हमें याद दिलाती है कि देश के लिए किए गए बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी तकनीकी क्षमता लगातार बढ़ा रहा है। उन्होंने हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल स्वदेशी युद्धपोत महेंद्रगिरि की चर्चा की। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती शक्ति का प्रतीक बताया। श्री मोदी ने लंबी दूरी के पिनाका रॉकेट और कुश मिसाइल के सफल परीक्षण पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही पिछले रविवार को विक्रम–1 के सफल प्रक्षेपण को सभी देशवासियों के लिए एक गौरवशाली पल बताया।

कैच द रेन अभियान के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान से वर्षा जल संचयन, भू–जल पुनर्भरण और जलाशयों तथा बागानों के जीर्णोद्धार को नई गति मिल रही है। श्री मोदी ने देशवासियों से आसपास के तालाब, कुएं या बावडी की जिम्मेदारी लेने की अपील की ताकि एक–एक बूंद जल को बचाया जा सके।

00000

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने गणेश उत्सव के दौरान सभी से पीओपी से बनी मूर्तियों के बजाय मिट्टी से बनी भगवान गणेश की मूर्तियों की पूजा करने की भी अपील कीं। साथ ही 7 अगस्त को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय हथकरघा दिवस को देश के बुनकरों के कौशल और रचनात्मकता के सम्मान का प्रतीक बताते हुए लोगों से हथकरघा शिल्प को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने खेल और खिलाडियों की चर्चा करते हुए कहा कि हाल के समय में भारत के युवाओं ने खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पीवी सिंधु बैडमिंटन में जापान ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। वहीं, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर अपना पहला टेस्ट मैच जीतकर इतिहास रच दिया है।

कल, 27 जुलाई को भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि है। श्री मोदी ने कहा कि डॉ. कलाम के व्यक्तित्व में शिक्षक की भूमिका उनके दिल के सबसे करीब थी। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह गुरु पूर्णिमा भी मनाई जाएगी। यह दिन सभी मार्गदर्शकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

अपने संबोधन के समापन में श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर वीर सेनिकों और शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाने की अपील की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के सांगानेर में आदिवासी महिलाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 136वें एपिसोड को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आमजन की प्रेरक कहानियों के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने और जनभागीदारी की भावना को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं।

00000